


# कक्षा - 7 वी , विषय - हिन्दी

## घटक - वचनमेला (चित्रवर्णन , स्वाध्याय )




<u>चित्रों का परिचय</u>:प्रस्तुत चित्र में वाचन मेले का दृश्य है। पुस्तकों के माध्यम से हम संसार का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। "पुस्तकों से क्या नाता है, पुस्तक हमारे भ्राता हैं।" वाचन मेले में कुछ बच्चों ने अपनी ग्रंथदिंडी के माध्यम से ग्रंथों का महत्त्व समझाने का प्रयास किया है। वाचन मेले में कई बच्चे अपने अध्ययन के लिए 'ई-बुक्स' और 'ऑडियो बुक्स' देख रहे हैं। वाचन मेले में सभी प्रकार के आयु वाले विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं। बाल साहित्य, किशोर साहित्य, विज्ञान की कथाएँ आदि कई ज्ञानवर्धक पुस्तकें कई बच्चे पढ़ व देख

LIVEWORKSHEETS

रहे हैं। "पुस्तकें ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर अग्रसित करती हैं।" इस प्रकार के वाचन मेले में जाकर हमें भी अपने ज्ञान में वृद्धि करनी चाहिए।

कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

( मित्र, ग्रंथदिंडी, माताएँ, गणवेश , विज्ञान )

1. वाचन मेले में ........................ कथा की पुस्तकें भी हैं।
2. स्कूल के छात्रों ने ..................... निकाली है।
3. कुछ ..................... भी अपने बच्चों के साथ मेला देखने आई हैं।
4. पुस्तकें हमारी ..................... हैं।
5. स्कूल के बच्चे अपने ...................... में हैं।

निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत लिखिए।

1) 'आनंद मेला' लगा है।
2) स्कूली छात्रों ने ग्रंथदिंडी निकाली हैं। ______
3) वाचन मेले में बाल साहित्य नहीं है। ______
4) किशोर साहित्य के पास कोई भी खड़ा नहीं है। ________
5) छात्रों के हाथ में घोष वाक्य हैं। _________
6) वाचन मेले में 'ई-बुक्स' भी हैं। __________

( सही , सही , सही , गलत , गलत , गलत )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पहचान कर लिखिए।

1) वाचन मेले में लोग क्यों जाते हैं ?

______________________________________________

2) छात्रों ने घोषणा पृष्ठ पर कौन-सा घोषवाक्य लिखा ?

______________________________________________

3) स्कूली छात्रों ने किसकी दिंडी निकाली हैं?

______________________________________________

LIVEWORKSHEETS

4) वाचन मेले' में साहित्य के मुख्य कितने विभाग बनाए गए हैं?

______________________________________________

5) चित्र में दिखाई गई दिंडी में कितने बच्चे शामिल हैं?

______________________________________________

6) पुस्तकें हमारे जीवन में कौन-सी बाती प्रज्वलित करती ।

______________________________________________

7) साहित्य किसे कहते हैं?

______________________________________________

( 1 . स्कूली छात्रों ने ग्रंथों की दिंडी निकाली हैं।

2. वाचन मेले में लोग विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ने जाते हैं।

3 . छात्रों ने घोषणा पृष्ठ पर "पुस्तकों से पाएँ ज्ञान, जानें भाषाएँ, विज्ञान।" यह घोषवाक्य लिखा हैं।

4 . ज्ञान के संचित कोष को साहित्य कहते हैं।

5 . वाचन मेले' में साहित्य के मुख्य तीन विभाग (बाल साहित्य, विज्ञान कथा, किशोर साहित्य) बनाए गए हैं।

6 . चित्र में दिखाई गई दिंडी में सात बच्चे शामिल हैं।

7 . पुस्तकें हमारे जीवन में ज्ञान की बातौ प्रज्वलित करती हैं।

निम्नलिखित शब्द समूह में से 'बाचन मेला' और 'गाँव का मेला' से संबंधित शब्दों को अलग करके दी गई तालिका में लिखिए।

( पुस्तकें, छात्र, खिलौनेवाला, ग्रंथ, रेलगाड़ी, किशोर, साहित्य, शांति,

भेल, मिठाइयाँ, ऑडियो बुक्स, शोर, अनुशासन, मौज-मस्ती,

LIVEWORKSHEETS

कचरा-गंदगी, स्वच्छता )

**Answer:**

| वाचनमेला | | गाँव का मेला | |
|---|---|---|---|
| ____________ | ____________ | ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ | ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ | ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ | ____________ | ____________ |

LIVEWORKSHEETS